रिपोर्ट

[1Pl 3/48 UP NCC COY]

काकोरी घटना और कारगिल युद्ध विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा एनसीसी उप इकाई के तत्वावधान में आज दिनांक **10 अगस्त 2022** को स्वतन्त्रता आन्दोलन की एक महत्वपूर्ण काकोरी घटना और कारगिल युद्ध 1999 के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्र प्रथम की उच्च मनोभावना को अपने हृदय में धारण किए एनसीसी कैडेट, हमेशा राष्ट्र सेवा में तत्पर रहने के लिए बेहतर प्रशिक्षण ग्रहण करते रहते हैं।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत समय समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से इन एनसीसी कैडेट्स के अंदर एक जिम्मेदार नागरिक के गुणों को पिरोया जाता है, जिससे कि ये कैडेट्स अपने परिवार और समाज के लिए बेहतर पथ प्रदर्शक साबित हो सकें। इसी उद्देश्य के अन्तर्गत देश के अमर स्वतन्त्रता बलिदानियों को याद करते हुए, 9 अगस्त 1925 को हुई काकोरी घटना का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए एनसीसी कैडेट्स को जागरूक किया गया।

एनसीसी प्रभारी अमित कुमार शुक्ल ने बताया कि गोंडा की धरती प्रत्यक्ष रूप से इस घटना से जुड़ी हुई है। यही जिला कारागार में इस घटना के एक आरोपी अमर बलिदानी राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को फांसी दी गई थी।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य डा धर्मेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि वर्षों के संघर्ष के बाद यह स्वतंत्रता हमें प्राप्त हुई है, तो आजादी के इस अमृत काल में हम सभी देशवासियों का यह दायित्व है कि हम इस बात के महत्व को समझे और अपने देश को विश्व पटल पर उच्चीकृत करने हेतु सदैव प्रयासरत रहें।

रक्षा अध्ययन विभाग के अतिथि प्रवक्ता डॉ ज्योतेंद्र नाथ तिवारी ने कार्यक्रम के दूसरे विषय कारगिल युद्ध के बारे में विश्लेषणात्मक व्याख्यान देते हुए, भारत पाकिस्तान सीमा रेखा के स्त्रात्जिक महत्व पर व्यापक प्रकाश डाला। डॉ तिवारी ने 1971 के शिमला एग्रीमेंट का हवाला देते हुए कैडेट्स को यह स्पष्ट किया कि किस प्रकार पाकिस्तान ने अपनी बुरी नियत के चलते इस समझौते का उल्लंघन किया, जिसके चलते 1999 के इस भीषण युद्ध में हमारे सैकड़ों वीर सैनिकों ने शहादत देकर भारत भूमि को दुश्मनों के हाथों से पुनः प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ अरुण वर्मा तथा एनसीसी कैडेट्स में निर्जला यादव, प्रियंका शुक्ला, सृष्टि मौर्या, निधि सोनी, शालिनी मौर्या, पलक निषाद, काजल मिश्र, स्वाति भारती, शिव शक्ति सिंह, राहुल सिंह, प्रियांशु तिवारी,सुनील तिवारी, आदित्य शुक्ला, दीपक कुमार,जितेंद्र यादव, सूरज साहू, अमन वर्मा, सुभम, मो इब्राहिम, अमित सिंह, धनीराम विश्वकर्मा, आशीष सिंह, अभय शुक्ला, वीरेंद्र यादव, सुनील कुमार, कार्तिकेय कुलदीप आदि कैडेट उपस्थित रहे।

जय हिन्द।

---केयर टेकर

एन.सी.सी. उप-इकाई

NCC
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

NCC
NCC
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

IQAC

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda